# इंस्पायर मानक अवार्ड

## इंस्पायर मानक : पंजीयन सहित संपूर्ण जानकारी

इंस्पायर मानक भारत सरकार के DST (Department of Science and Technology) और NIF (National Innovation Foundation) की एक संयुक्त योजना है जो प्रति वर्ष आयोजित की जाती है।




www.teachersofbihar.org

# इंस्पायर मानक अवार्ड



## शुरुआत

इस योजना की शुरुआत तत्कालीन माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 13 दिसंबर 2008 को की गई। 2009-10 से यह प्रतियोगिता प्रति वर्ष स्कूली बच्चों के बीच आयोजित की जाती है।

## वर्ग

6 से 12 वर्ग के छात्र-छात्रा

## लक्ष्य समूह

10 से 15 आयु के बच्चे

## उद्देश्य

इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों में क्रियेटिव और क्रिटिकल थिंकिंग को बढ़ावा देना है जिससे वे नवाचार हेतु प्रेरित हो सकें और आगे चलकर विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नए- नए कार्य कर सके।

## नवाचार

इस योजना के तहत् प्रत्येक विद्यालय अपने बच्चों के पांच सर्वश्रेष्ठ नवचारों का चयन कर उन्हें इंस्पायर के पोर्टल पर जाकर नॉमिनेट करते हैं जिसकी एक सम्पूर्ण प्रक्रिया होती है।

## पुरस्कार राशि

प्रत्येक चयनित बच्चे को **10000 (दस हजार रुपए)** की प्रोत्साहन राशि दी जाती है जिसका उपयोग बच्चे अपने नवाचारोंको मूर्त्त रूप प्रदान करने में करते हैं।

## मार्गदर्शन और सहयोग

बच्चों के नवाचारों को मूर्त्त रूप देने के दौरान NIF की टीम के द्वारा उन्हें और बेहतर बनाने हेतु समय - समय पर मार्गदर्शन और सहयोग भी दिया जाता है।

अत: इस योजना के पूरी प्रक्रिया को निम्नलिखित चरणों में विभाजित किया जा सकता है -

1.विद्यालय का रजिस्ट्रेशन
2.विद्यालय के नवाचारों का सबमिशन
3.अच्छे विचारों का चयन

### 4.DLEPC (DISTRICT LEVEL EXHIBITION AND PROJECT COMPETITION)

चयनित बच्चे के द्वारा अपने ideas को मूर्त रूप देने के बाद उनका जिला स्तर पर प्रस्तुतीकरण होता है जिसमें कुछ बच्चे राज्य स्तर के लिए चयनित होते हैं।

### 5.SLEPC

जिला स्तर से चयनित बच्चे इसमें भाग लेते हैं और पुन: इनसे कुछ बच्चों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए होता है।

### 6 NLEPC


राज्य स्तर से चयनित बच्चे इसमें भाग लेते हैं और इनमें चयनित सर्वश्रेष्ठ ideas पुरस्कृत होते हैं।

# इंस्पायर मानक अवार्ड

## REGISTRATION

## रजिस्ट्रेशन कैसे करें?

इंस्पायर अवार्ड में भाग लेने हेतु सभी विद्यालय को सर्वप्रथम इंस्पायर के पोर्टल पर जाकर रजिस्ट्रेशन करना होता है। जिस विद्यालय का रजिस्ट्रेशन हो चुका है वह सीधे अपने आइडियाज को सबमिट कर सकते हैं।






## विद्यालय के रजिस्ट्रेशन के चरण

1.गूगल क्रोम पर जाकर new registration for inspire search कर क्लिक करें।

2. जो पेज खुलेगा, उसमें अपने विद्यालय का यू डाइस कोड डालकर सबमिट करें।

3. कुछ पेज खुलेंगे जिसमें आपको अपने विद्यालय के डिटेल्स डालने होंगे।

प्रथम पेज के डिटेल्स में Name of the school ऑप्शन आएगा जिसे क्लिक करने पर एक drop down menu आएगा। इसे नीचे scroll करें और सबसे अंतिम ऑप्शन others पर क्लिक करें।

क्लिक करते ही specify school name का एक बॉक्स खुलेगा जिसमे अपने स्कूल का नाम टाइप कर अन्य जानकारी को भरें।

4. पेज में डिटेल्स डालने के बाद Save and Next पर क्लिक करें।

5. इसी प्रकार सारे पेजेस पर जानकारी भरें।

6. अंतिम में सबमिट का ऑप्शन आएगा।

सबमिट करने के बाद forward to DA (District Authority) जरूर करेंगे।

7. रजिस्ट्रेशन करते समय यह ध्यान रखेंगे कि e mail id working हो और सही से भरा गया हो।

8. सबमिट करते ही आपको एक मेल प्राप्त होगा जिसमें आपके विद्यालय का एप्लिकेशन कोड, जो APP से शुरू होता है, वह रहेगा। इस एप्लिकेशन कोड को सुरक्षित रखें।

9. आपके रजिस्ट्रेशन को DA द्वारा अप्रूव किया जाएगा जिसके बाद आपको अपने विद्यालय का यूज़र नेम और पासवर्ड मेल पर प्राप्त होगा।

10. अब आप अपने विद्यालय के id से log in कर बच्चों का नॉमिनेशन कर सकते हैं।

# इंस्पायर मानक अवार्ड

## NOMINATIONS

## नॉमिनेशन कैसे करें?

यूज़र नेम और पासवर्ड प्राप्त होने के बाद विद्यालय द्वारा बच्चों का नॉमिनेशन किया जा सकता है।

अब विद्यालय प्रधान अपने विद्यालय का पेज लॉग इन कर बच्चों का नॉमिनेशन पूर्ण कर सकते हैं।

महत्वपूर्ण सूचना - अब विद्यालय के बच्चों का नॉमिनेशन इंस्पायर के मोबाइल ऐप के माध्यम से भी आसानी से किया जा सकता है।

इंस्पायर ऐप का link-
https://play.google.com/store/apps/details?id=space.shortsqueeze.inspire.inspire_scholarship



## नॉमिनेशन के महत्वपूर्ण चरण

1. नॉमिनेशन करने के पहले सभी जरूरी डॉक्यूमेंट्स तैयार कर लें ।

डॉक्यूमेंट्स की सूची -
स्टुडेंट की पूरी जानकारी, जैसे
Name
Father's Name
Mother's Name
Gender
Date of Birth
Aadhar number ( Not compulsory)
Contact number
Class
Category
Innovation/Idea title
Guide Teacher Name
Account details of student
Synopsis/write up of Idea, जो PDF/JPG/JPEG या word format में होना चाहिए और जिसका साईज 2MB से अधिक नहीं होना चाहिए।
Passport size photo of student, जो JPG/JPEG/PNG/GIF/BMP files में होना चाहिए जिसका size 2MB से अधिक न हो।

2.School Authority से log in करें।

3.अब पहले student का details भरें और उसे save कर लें।

4.इसी प्रकार, सभी 5 students का details भरकर बारी बारी से उसे save करते जाएं।

5. जब सारे students का nomination पूरा हो जाए तो उसे DA के पास forward कर acknowledgement generate कर लें।

यह acknowledgement एक proof है कि आपने nomination पूर्ण कर लिया है।

# इंस्पायर मानक अवार्ड



## स्टूडेंट्स से इनोवेटिव आइडियाज़ कैसे प्राप्त करें ?




वर्ग कक्ष का वातावरण बाल केंद्रित हो जिसमें बच्चों में खोजी प्रवृति विकसित की जा सके। बच्चों में क्रियेटिव और क्रिटिकल थिंकिंग विकसित करने की कोशिश अच्छे आइडियाज़ पाने में मदद करती है।

प्रत्येक सत्र के शुरुआत से ही बच्चों को इंस्पायर के बारे में जानकारी देना शुरु करना चाहिए। यह एक सतत प्रयास होता है जिसमें बच्चों को पहले आइडियाज़ नहीं बल्कि समस्या पहचानने के बारे में बताया जाता है। इसके लिए बच्चों में ऑब्जर्वेशन स्किल विकसित करने की कोशिश करनी है और साथ ही, अपने परिवेश से जोड़ने की कोशिश करनी है ताकि वे अपने आस पास की समस्या को पहचान सकें। एक बार समस्या की पहचान होने पर उसका हल आसानी से निकाला जा सकता है।

अपने विद्यालय में एक आइडिया बॉक्स बनवाया जा सकता है जिसमें बच्चे समय समय पर अपने आइडियाज़ डाल सकते हैं।




जो भी बच्चे अपने आइडियाज़ डालते हैं, वे अगर अच्छे नहीं भी हों, तब भी उन्हें प्रोत्साहित कर और बेहतर आइडिया देने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

एक आइडिया कॉम्पीटिशन का आयोजन करना चाहिए जिसमें बच्चे अपने बेहतर आइडियाज़ डालेंगे। आइडिया कॉम्पीटिशन करवाने से विद्यालय के पास पहले से ही बहुत सारे आइडियाज़ आ जाते हैं जिससे आइडिया सबमिशन के समय चयन में आसानी होती है।



## सिनॉप्सिस कैसे तैयार करें?

सिनॉप्सिस बच्चों के आइडिया का पूरा विवरण होता है और इसे लिखना इंस्पायर अवार्ड का सबसे महत्वपूर्ण चरण है। चूंकि नॉमिनेशन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होती है, इसलिए बच्चों को अपने आइडिया को प्रस्तुत करने का मौका नहीं मिलता है। ऐसे में चयन का आधार सिनॉप्सिस ही होता है।

सिनॉप्सिस तैयार करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए -

1. टाइटल - यह सबसे महत्वपूर्ण है। टाइटल ऐसा हो जो निर्णायक मंडल का ध्यान आकर्षित कर सके और साथ ही, यह प्रोजेक्ट की संपूर्ण व्याख्या कर सके। टाइटल प्रोजेक्ट की जानकारी देने वाला हो। डिजिटल इंडिया , स्वच्छ भारत इत्यादि टाइटल से बचें।
2. प्रोजेक्ट क्या है, इसकी पूरी जानकारी स्पष्ट रूप से होनी चाहिए।
3. दिया गया प्रोजेक्ट किस समस्या से संबंधित है, इसका वर्णन भी स्पष्ट रूप से होना चाहिए।
4. इस प्रोजेक्ट से किस समस्या का हल निकलेगा और इससे समाज को क्या लाभ होगा, इसका भी वर्णन करें।
5. बच्चे के मन में ये आइडिया कैसे आया, इसका भी ज़िक्र किया जा सकता है।
6. अगर प्रोजेक्ट की कोई तस्वीर, स्केच या वीडियो हो तो उसे भी अपलोड कर सकते हैं, पर ये कंपल्सरी नहीं होता है।

इंस्पायर अवार्ड मुख्य रूप से नवाचार पर आधारित है। इसलिए यह जरूरी है कि प्रोजेक्ट में मौलिकता हो और वह किसी समस्या का समाधान करता हो। इंस्पायर विज्ञान प्रदर्शनी से बिल्कुल अलग होता है। अतः वैसे आइडियाज़ जिनका चयन नहीं हो पाता, उसके कुछ कारण निम्नलिखित हो सकते हैं -

1. मौलिकता की कमी
2. परियोजना की स्पष्टता का अभाव
3. समस्या का समाधान करने में असमर्थता
4. सामान्य रूप से बनाए गए विज्ञान के मॉडल, जैसे रेन वाटर हार्वेस्टिंग, अलार्म्स, हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट, वॉटर लेवल इंडिकेटर, थर्मोकोल से बने प्रोजेक्ट इत्यादि।

इसलिए यह आवश्यक है कि आइडियाज़ का चयन करते समय इंस्पायर के विभिन्न मानकों का ध्यान रखें।



# पूर्व वर्ष में इंस्पायर मानक अवार्ड हेतु चयनित अईडिया


## शीर्षक :- बाथरूम हेतु touchless बिजली बोर्ड

**समस्या:-** बाथरूम में मोटर या अन्य उपकरणों को चलाने के लिए भींगे हाथ से बोर्ड के स्विच को ऑन या ऑफ करने पर इसके अंदर पानी चले जाने का कारण शॉर्ट सर्किट लग जाता है जिसके कारण स्विच को छूने वाले व्यक्ति भी दुर्घटना ग्रस्त हो जाते हैं या बिजली के उपकरण में आग लग जाती है। ऐसी घटनाओं के कारण कभी-कभी घर में भी आग लग जाती है।

**समाधान:-** एक ऐसा बोर्ड बनाएँगे जिसे छूने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। बिना छुए ही स्विच ऑन या ऑफ हो जाएगा। इसमें बोर्ड के सामने हाथ ले जाने पर ही स्विच ऑन हो जाएगा और दुबारा बोर्ड के सामने हाथ ले जाने पर स्विच ऑफ हो जाएगा।

**सामग्री:-** बिजली बोर्ड, तार, टेप, गोन्द, बैट्री, आरडिनो, अल्ट्रासोनिक सेन्सर सर्वोमोटर -- इत्यादि।

**निर्माण विधि:-** इस बोर्ड के अन्दर अल्ट्रासोनिक सेन्सर को तार द्वारा आरडिनो से जोड़ देंगे तथा आरडिनो को कोडिंग करके उसको तार द्वारा सर्वोमोटर से जोड़ देंगे तथा आरडिनो को बैट्री से जोड़ देंगे।



**उपयोगिता:-** जिस व्यक्ति द्वारा इस दुर्घटना रहित बिजली बोर्ड का उपयोग किया जाएगा वो बिजली से होने वाले दुर्घटना से बचेंगे साथ ही घर में लगे बिजली के उपकरण में किसी प्रकार का शॉर्ट सर्किट नहीं होगा। इसके उपयोग से जाने-अनजाने में बच्चों के द्वारा किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

नाम - पुष्पा कुमारी
वर्ग - IX section - B Roll no. - 01
मार्गदर्शक - श्री दिलीप कुमार (विज्ञान शिक्षक)
विद्यालय - +2 ल० ना० ल० ना० प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, त्रिवेणीगंज
UDISE - 10061100909

## वैसे आइडियाज़ जिनका चयन नहीं हो पाता

इंस्पायर अवार्ड मुख्य रूप से नवाचार पर आधारित है। इसलिए यह जरूरी है कि प्रोजेक्ट में मौलिकता हो और वह किसी समस्या का समाधान करता हो। इंस्पायर विज्ञान प्रदर्शनी से बिल्कुल अलग होता है।अतः वैसे आइडियाज़ जिनका चयन नहीं हो पाता, उसके कुछ कारण निम्नलिखित हो सकते हैं -

1. मौलिकता की कमी
2. परियोजना की स्पष्टता का अभाव
3. समस्या का समाधान करने में असमर्थता
4. सामान्य रूप से बनाए गए विज्ञान के मॉडल, जैसे रेन वाटर हार्वेस्टिंग, अलार्म्स, हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट, वॉटर लेवल इंडिकेटर, थर्मोकोल से बने प्रोजेक्ट इत्यादि।

इसलिए यह आवश्यक है कि आइडियाज़ का चयन करते समय इंस्पायर के विभिन्न मानकों का ध्यान रखें।







# कुछ आइडियाज़ के उदाहरण





# इंस्पायर मानक अवार्ड

**इंस्पायर अवार्ड – मानक (MANAK) पोर्टल**
**लिंक: https://www.inspireawards-dst.gov.in**

**इंस्पायर अवार्ड मोबाइल ऐप**

**https://play.google.com/store/apps/details?id=space.shortsqueeze.inspire.inspire_scholarship**

## किसी भी जानकारी हेतु नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें


कॉन्सेप्ट:
मृदुला कुमारी सिन्हा,मध्य विद्यालय सिंदुआर, दाउदनगर, औरंगाबाद
9199806525
डिजाइन:
सीमा कुमारी, रा० कृ० म० वि०, बीहट, बेगूसराय
प्रस्तुतीकरण:
टीचर्स ऑफ बिहार
7250818080,9650233010